दिनांकः 12.03.2024
समय : 01:00 पी.एम.
प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर से

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज गुजरात के अहमदाबाद से रेलवे की 85 हजार करोड रुपये से अधिक की परियोजनाएं वर्चुअल माध्यम से राष्ट्र को समर्पित कीं और आधारशिला रखी। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने कहा कि भारतीय रेलवे का विकास एनडीए सरकार की प्रमुख प्राथमिकताओं में शामिल है। श्री मोदी ने कहा कि सरकार रेल नेटवर्क बढ़ाने, बुनियादी ढांचे को आधुनिक बनाने, यात्रियों के लिए सुविधाएं बढाने और रेलवे प्लेटफॉर्म पर मेक इन इंडिया उत्पादों की बिक्री को प्रोत्साहन देने के लिए लगातार काम कर रही है। उन्होंने कहा कि भारतीय रेलवे आत्मनिर्भर भारत के लिए सबसे शक्तिशाली माध्यमों में से एक है।

कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने समर्पित मालगलियारे के दो खंडों का उद्‌घाटन किया। उन्होंने 51 गति शक्ति मल्टीमॉडल कार्गो टर्मिनल और एक हजार पांच सौ से अधिक एक स्टेशन एक उत्पाद स्टॉल राष्ट्र को समर्पित किए। प्रधानमंत्री ने जयपुर मंडल के धानक्या और रेवाड़ी जंक्शन स्टेशन स्थित माल गोदाम और जयपुर सहित प्रदेश के चार स्टेशनों पर वन स्टेशन वन प्रोडक्ट स्टॉल्स का भी वर्चुअल लोकार्पण किया।

राज्यपाल कलराज मिश्र इस कार्यक्रम से राजभवन से वर्चुअली जुड़े। राज्यपाल ने इन परियोजनाओं के शिलान्यास और लोकार्पण को ऐतिहासिक बताते हुए प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इससे आने वाले समय में रेल परिवहन के जरिए देश की अर्थव्यवस्था मजबूत होगी।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा जैसलमेर से इस कार्यक्रम से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये जुडे। प्रधानमंत्री ने जैसलमेर रेलवे स्टेशन पर करीब 55 करोड़ रुपये की लागत के कार्यों का भी आज लोकार्पण किया। भरतपुर रेलवे स्टेशन पर वन स्टेशन वन प्रोडक्ट और रेल कोच रेस्टोरेंट की आज शुरूआत हुई। यहां शहद की स्टॉल लगायी गयी है। बीकानेर मंडल पर 25 वन स्टेशन वन प्रोडक्ट स्टॉल का आज लोकार्पण हुआ। इस मौके पर बीकानेर स्टेशन पर आयोजित कार्यक्रम में केन्द्रीय कानून मंत्री अर्जुनराम मेघवाल मौजूद रहे। अलवर और डूंगरपुर रेलवे स्टेशन पर भी कार्यक्रम आयोजित किये गये। सवाईमाधोपुर रेलवे स्टेशन पर आज भारतीय जन औषधि केन्द्र की शुरूआत हुई। प्रधानमंत्री ने आज दस नई वंदे भारत रेलगाडियों को भी रवाना किया।

जैसलमेर के पोकरण फील्ड फायरिंग रेंज में आज से देश की तीनों सेनाओं का अभ्यास ''भारत शक्ति'' शुरू होने जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी इस दौरान मौजूद रहेंगे। केन्द्रीय जलशक्ति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा उनके साथ उपस्थित रहेंगे। भारत शक्ति अभ्यास तीनों सेनाओं का एक फायरिंग और कौशल अभ्यास है, जो रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की दिशा में राष्ट्र के मजबूत कदमों का उदाहरण है।

राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण–एनआईए आतंकियों और अपराधियों के गठजोड के संबंध में विभिन्न राज्यों में तीस स्थानों पर गहन छानबीन कर रही है। एनआईए की ओर से राजस्थान सहित पंजाब, हरियाणा, मध्यप्रदेश और केंद्रशासित प्रदेश चंडीगढ में जांच का काम जारी है।

डाक विभाग की ओर से 15 मार्च को जोधपुर में जनता डाक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इसमें जोधपुर मण्डल के डाकघरों की सेवा में काउंटर सेवा, मनीआर्डर, बचत बैंक, पार्सल और बीमा कृत वस्तुओं, मूल्य देय वस्तुओं, डाक जीवन बीमा, स्पीड पोस्ट, विदेशी डाक वस्तुओं, पेंशन संबंधी मामलों में शिकायत तथा समस्याओं का निराकरण किया जाएगा।